भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3502
(17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कें

3502. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पहाड़ी क्षेत्रों, विशेषकर इडुक्की जिले में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत अधिक किलोमीटर सड़कों का निर्माण करवाएगी;

(ख) क्या सरकार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अधिक सड़कों की आवश्यकता से अवगत है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार पूर्वोत्तर राज्यों को दी जा रही सहायता और प्राथमिकता की तरह इन्हें भी सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क): केरल में पीएमजीएसवाई के विभिन्न जारी कार्यक्रमों/घटकों के अंतर्गत कुल 5,312 कि.मी. सड़क स्वीकृत की गई है जिसमें से 4,265 कि.मी. सड़क का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है और 1009 कि.मी. सड़क लंबाई का निर्माण निष्पादन के विभिन्न चरणों में जारी है। पीएमजीएसवाई के तहत राज्य में इसकी शुरुआत से लेकर दिनांक 13.12.2024 तक कार्यक्रम/घटकवार वास्तविक उपलब्धियां नीचे दी गई है:

(सड़क की लंबाई कि.मी. में)

कार्यक्रम/घटक का नाम	स्वीकृत	पूरी की गई	शेष*
पीएमजीएसवाई-I	3,308	3,240	41
पीएमजीएसवाई-II	583	562	16
पीएमजीएसवाई III	1,421	463	952
कुल:	**5,312**	**4,265**	**1009**

**शेष सड़क लंबाई स्वीकृत और पूरी की गई लंबाई के अंतर से कम है क्योंकि कुछ परियोजनाएं सड़क की लंबाई में कमी , संरेखण में परिवर्तन, अन्य एजेंसियों द्वारा आंशिक लंबाई का निर्माण किए जाने आदि के कारण स्वीकृत लंबाई से कम लंबाई में पूरी हो गई थीं।*

केरल के इडुक्की जिले में पीएमजीएसवाई के विभिन्न जारी कार्यक्रमों/घटकों के अंतर्गत 598 कि.मी. लंबाई की कुल 148 सड़कें और 3 लंबे पुल स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 481 कि.मी. लंबाई की 121 सड़कों का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है और 116 कि.मी. सड़क का निर्माण निष्पादन के विभिन्न चरणों में जारी है। इडुक्की जिले में पीएमजीएसवाई के तहत इसकी शुरुआत से लेकर 13.12.2024 तक कार्यक्रम/घटकवार वास्तविक उपलब्धियां नीचे दी गई है:

(सड़क की लंबाई कि.मी. में)

कार्यक्रम/घटक का नाम	स्वीकृत	पूरी की गई	शेष*
पीएमजीएसवाई-I	401	383	18
पीएमजीएसवाई-II	59	58	0
पीएमजीएसवाई III	138	40	98
कुल:	598	481	116

**शेष सड़क लंबाई स्वीकृत और पूरी की गई लंबाई के अंतर से कम है क्योंकि कुछ परियोजनाएं सड़क की लंबाई में कमी , संरेखण में परिवर्तन, अन्य एजेंसियों द्वारा आंशिक लंबाई का निर्माण किए जाने आदि के कारण स्वीकृत लंबाई से कम लंबाई में पूरी हो गई थीं।*

पीएमजीएसवाई-I, II और पीएमजीएसवाई III को पूरा करने की समय-सीमा मार्च, 2025 तक है।

(ख) और (ग): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV (पीएमजीएसवाई-IV) के कार्यान्वयन को अनुमोदन प्रदान किया है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश के मैदानी इलाकों में 500+, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 250+, विशेष श्रेणी क्षेत्रों (जनजातीय अनुसूची V, आकांक्षी जिले/ब्लॉक, रेगिस्तानी क्षेत्रों) और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में 100+ आबादी वाली पात्र 25,000 संपर्क रहित बसावटों को नई सड़क संपर्कता प्रदान करने के लिए 62,500 कि.मी. सड़क के निर्माण और नई संपर्क सड़कों पर पुलों के निर्माण/उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का कुल परिव्यय 70,125 करोड़ रुपए होगा।

***